केबल टी०वी० का दूरदर्शन के राजस्वार्जन पर प्रभाव

2172. **श्रीमति वीणा वर्मा** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केवल टी०वी० और डिश ऐंटीना के माध्यम से दिखाए जाने वाले विज्ञापनों के कारण दूरदर्शन द्वारा विज्ञापनों के माध्यम से अर्जित किए जाने वाले राजस्व पर बुरा प्रभाव पड़ा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह सवाल पैदा ही नहीं होता ।

Allotment of time to the serials

2173. SHRI KRESHAN LAL SHARMA: Will the MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that T.V-Serial 'Krishna' is pending for clearance with the Doordarshan, for a long time;

(b) if so, the reasons for delay in clearing the serial and by when it is likely to be released for telecast;

(c) number of T.V. serials telecast from Delhi Doordarshan from 1989 till date;

(d) details of procedure followed in certifying these serials; and

(e) the criteria adopted for allotment of time in meaning and evening trans mission for these serials?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI G1RIJA VYAS): (a) and (b) 'Krishna' is one of the 3545 proposals for T.V. serials received by Doordarshan in October, 1990 against their invitation- Ail these proposals are under various stages of ©valuation.

(c) to (e) According to Doordarshan, 45 sponsored TV serials have been telecast from Delhi Doordarshan on the national network from 1989 till date. These serials were aproved by the appropriate committee set up for this purpose. Time slots for approved serials are decided after taking into account factors such as theme of the programme, duration of episodes, audience profile and availability of vacant slots.

धार्मिक धारावाहिकों पर प्रतिबंध

2174. **डा० अबरार अहमद** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दूरदर्शन पर धार्मिक धारावाहिकों अथवा कार्यक्रमों को दिखाए जाने पर प्रतिबंध लगाने का विचार रखती है ;

(ख) क्या सरकार पिछले तीन वर्षों के दौरान दूरदर्शन पर प्रसारित किए गए ऐसे कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए एक जांच आयोग गठित करने का विचार रखती है ; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) देश में साम्प्रदायिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए दूरदर्शन के भावी कार्यक्रमों और योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) से (ग) नीति के तौर पर, दूरदर्शन द्वारा उन कार्यक्रमों के प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाते जिनका सम्बन्ध केवल धार्मिक विषयों से हो । लेकिन साथ ही दूरदर्शन का यह प्रयास रहता है कि देश की परम्परा और सामाजिक-सांस्कृतिक विषयों पर सार्वभौमिक मूल्यों वाले धारावाहिक प्रसारित किए जाएं । यह एक सतत प्रक्रिया है ।